सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-478
05/10/2017

पूर्व मंत्री बिलट पासवान विहंगम के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की
राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना, 05 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री बिलट पासवान विहंगम के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्रों में भी अपूरणीय क्षति हुयी है। बिलट पासवान सकरा प्रखंड के मछही गांव के रहने वाले थे। वर्ष 1940 में जन्मे बिलट पासवान को साहित्य के लिए पद्मश्री सम्मान से 2005 में नवाजा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******